कक्षा 6
पाठ योजना- 7
विषय-हिंदी

प्रकरण- पाठ-7 "टिकट अलबम"
भाषा कौशल- लेखन एवं वाचन कौशल
पाठ का संक्षिप्त विवरण-प्रस्तुत पाठ के शीर्षक की उपयुक्तता बताते हुए मनुष्य के ईर्ष्यालु स्वभाव का वर्णन किया जाएगा। इस पाठ में राजप्पा एवं नागराजन नामक दो बच्चों के बीच अलबम को लेकर होने वाली प्रतियोगिता का वर्णन किया गया है। राजप्पा नमक बालक नागराजन से ईर्ष्या के कारण उसके अलबम को चुराकर अंगीठी में जला देता है। तत्पश्चात अपनी गलती का अनुभव होने पर ,पछतावा करता है और अपना प्रिय अलबम नागराजन को दे देता है।
KPI 2.1 वर्तनीगत अशुद्धियों का ध्यान।
2.2 शुद्ध उच्चारण सहित वाचन।
<u>उद्देश्य</u>
विषय विशिष्ट उद्देश्य-
SO1 2.1वर्तनीगत अशुद्धियों को दूर करना।
SO2 2.2शुद्ध उच्चारण सहित वाचन ।
व्यावहारिक उद्देश्य-
BO1 बालकों को स्वस्थ प्रतियोगिता का महत्व बताना।
BO2 किसी से ईर्ष्या ना करना।
BO3 आवेग में आकर गलत कदम ना उठाना।
शिक्षण गतिविधि-
"रामायण" के विभिन्न प्रसंगों के आधार पर अलबम तैयार कीजिए।
शिक्षण अधिगम प्रक्रिया-
बाल मनोवृत्ति एवं मनुष्य के ईर्ष्यालु स्वभाव का वर्णन करते हुए पाठ परिचय किया जाएगा। पाठ के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट करते हुए पठन-पाठन किया जाएगा ।पाठ में आए कठिन शब्दों के अर्थ बताते हुए चर्चा की जाएगी एवं स्पष्टीकरण किया जाएगा। पाठ पूर्ण होने पर प्रश्नोत्तरों पर चर्चा की जाएगी तथा लेखन कार्य उत्तर पुस्तिका में करवाया जाएगा।
प्रश्न 1. अलबम चुराते वक्त राजप्पा की कैसी मनोदशा थी?
प्रश्न 2. नागराजन किसके साथ बाजार गया था?
प्रश्न 3. नागराजन और राजप्पा की कक्षा की सबसे होशियार लड़की कौन थी?
मूल्यांकन बिंदु-
1. पठन- पाठन तथा उच्चारण
2.धारा प्रवाह
3.उच्चारण संशोधन
डिजिटल सामग्री
विषयानुसार दृश्य- श्रव्य सामग्री का प्रयोग।
अपेक्षित परिणाम-
1. बालक स्वस्थ प्रतियोगिता का महत्व जानेंगे।
2.क्रोध एवं आवेग में किए जाने वाले कार्यों के दुष्परिणामों के बारे में अवगत होंगे।
3. शुद्ध उच्चारण करते हुए वाचन कौशल का विकास करेंगे।